हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 फर्शी उत्पादक संघ बासीन बरभाठा ने पौधारोपण...



14 टेंगनाबासा में बच्चों ने स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा



[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

नवापारा में बाढ़ की तबाही के निशान दिखने लगे, बदबू-गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

महानदी में आई भीषण बाढ़ का पानी उतर चुका है, लेकिन नवापारा अंचल में तबाही के निशान अब भी साफ दिखाई दे रहे हैं। सोमवारी बाजार, इंदिरा मार्केट, तिरंगा चौक, बगदेही पारा समेत कई इलाकों में घरों से पानी तो निकल गया, लेकिन पीछे कीचड़, गंदगी, बदबू और बबार्दी छोड़ गया है। सैकड़ों परिवारों के घरों में रखा राशन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बाइक और घरेलू उपयोग की सामग्री खराब हो गई है।

बारिश और गंगरेल बांध से छोड़े गए लाखों क्यूसिक पानी से महानदी का जलस्तर बढ़ते ही नवापारा के कई मोहल्लों में पानी तेजी से घुस गया और देखते ही देखते घर जलमग्न हो गए। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में भारी बारिश की स्थिति में पहले से चरणबद्ध जल निकासी की स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाए। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित परिवारों की मुश्किलें कम होने के बजाय नई चुनौतियों के रूप में सामने आ गई हैं। घरों की दीवारों और फर्श पर कीचड़ की मोटी परत जमा है। गीले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से करंट का खतरा बना हुआ है। नमी के कारण घरों में दुर्गंध फैलने लगी है। पीड़ित परिवारों का कहना है घर पर रखा राशन खराब, फर्नीचर खराब, वाहन खराब और जरूरी सामान बर्बाद हो गए। प्रभावित इलाकों में पानी उतरने के बाद जगह-जगह गंदा पानी और कीचड़ जमा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने प्रभावित मोहल्लों में तत्काल दवा और कीटनाशक का छिड़काव, साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का ⏭ शेष पेज 12 पर

- सैकड़ों परिवार का राशन, फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक सामान, बाइक और घरेलू उपयोग की सामग्री हुई खराब
- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व पानी के कारण करंट का खतरा भी बरकरार



खबर संक्षेप

बोईरगांव में आंगन मिलन उत्सव आयोजित



मुड़ागांव (कोरासी)। आंगनवाड़ी केंद्र बोईरगांव में आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कार्यकर्ता हीरामन साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंच लीलाबाई साहू, प्रेमीन बाई मानिकपुरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पार्वती मानिकपुरी, मितानिन मोतीम यादव सहित गांव की मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मातृशक्तियों को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं बच्चों द्वारा कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरा ग्रामीणजन उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध से बचाव तथा सावधानी बरतने के उपाय बताए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को पोषण, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम : सेजेस विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता

शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश है सेवा संकल्प अभियान : विधायक साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,फिंगेश्वर में एकसेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ–साथ बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मकता,राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ–साथ नैतिक मूल्यों,अनुशासन और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाएं।उन्होंने कहा कि आज के ये युवा ही कल के विकसित भारत और सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन प्रतियोगिताओं में ⏭ शेष पेज 12 पर

कार्यक्रम ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, नंदनी ओंकार साहू जिला पंचायत सदस्य,चंद्रशेखर साहू महामंत्री जिला भाजपा,अध्यक्ष शाला प्रबंधन मनीष हरित,मंडल अध्यक्ष मंजू हरित,मंडल महामंत्री भुवन साहू,प्रेम टोडर,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोमल ढींढी,मिंजून साहू,दशरथ सिन्हा,अध्यक्ष फनीकेश्वर नाथ महादेव मंदिर समिति,अध्यक्ष महादेव घाट समिति,अध्यक्ष विद्यालय राजू साहू,अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तम राजवंशी,संतोषी श्रीवास्तव,लक्ष्मी श्रीवास्तव,वीणा निषाद,भुनेश्वरी साहू,खिलेशवरी साहू,मेवा राम,उमराव, यशवंत,दाऊ लाल,अरुण सिन्हा,नीलम साहू,बीईओ हेमंत साहू,सुभाष शर्मा,एबीईओ अनिल ध्रुरव,देवेंद्र सिंह,प्राचार्य सोहन सेन,नरेश साहू,रामनारायण मिश्रा,अलोक शर्मा, वर्षा नेताम,मिनाक्षी शर्मा शिक्षकगण,बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

छात्रावास में कूकर ब्लास्ट
खाना पकाते 2 छात्र घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

मदनपुर स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में 19 सितंबर को खाना बनाने के दौरान प्रेशर कुकर ब्लास्ट होने से कक्षा 9वीं में अध्ययनरत दो नाबालिग छात्र घायल हो गए। एक छात्र के सिर में चोट आई, जबकि दूसरे छात्र के हाथ में चोट लगने के साथ झुलसने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद दोनों घायल छात्रों को उपचार के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। बाद में परिजनो द्वारा दोनों बच्चों स्वास्थ्य और जोखिम के चलते अपने साथ घर ले गए। छात्रावास में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा और दैनिक व्यवस्थाओं की निगरानी छात्रावास प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। मिली जानकारी के अनुसार 19 सितंबर को घटना के समय छात्रावास में रसोइया मौजूद नहीं था। इसी दौरान दोनों नाबालिग छात्र खाना बनाने का काम कर रहे थे। खाना बनाते समय अचानक प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया और दोनों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद छात्रावास में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्रों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। मामले की लोगों ने जांच की मांग की है।



हरिभूमि & inh 24x7
समाचार ही नहीं, विचार भी
बढ़ते भारत की आवाज़
Presents

जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्रीमती पद्मनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़



रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट
सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा
सारंगढ़



मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन
सारंगढ़-बिलाईगढ़



संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़
चेंबर ऑफ कामर्स
इंडस्ट्रीज सारंगढ़-बिलाईगढ़



सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती
एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर



मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़

डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच

मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे

कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathwidth 229 | DEN 350 | ACN 172 | DEN JAIPUR 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh | जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathwidth 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812

एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

बैठक : कलेक्टर शर्मा ने ली एनकार्ड, जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं नशामुक्ति की बैठक

नेशनल हाईवे से हटाएं अतिक्रमण, गड्ढों की मरम्मत व खुले जल स्रोतों पर कराएं बैरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एनकार्ड, जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं नशामुक्ति की बैठक लेकर जिले में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, नशामुक्ति अभियान एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा के उपायों को प्रभावी बनाने कहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कुछ कमी आई है। लेकिन दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने सड़क पर घुमंतु एवं आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने घुमंतु पशुओं से संबंधित शिकायत अथवा सूचना प्रशासन तक पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1033 एवं 1100 का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने तथा समझाइश देने के निर्देश दिए हैं। आवागमन के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही स्कूली बच्चों एवं 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को बिना वैध लाइसेंस वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक करने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि पीएम राह-वीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों की तत्काल मदद करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय पर अस्पताल पहुंचाने से घायल व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने पर मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। उन्होंने अधिकारियों को इस योजना का प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे से अतिक्रमण हटाएं। साथ ही दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड, रंबल स्टीक एवं सड़क सुरक्षा का उपयोग करें।

कलेक्टर ने नशामुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए आबकारी, समाज कल्याण, कृषि एवं राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों को नशामुक्ति के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने नशामुक्ति के लिए टोल फ्री नंबर 14446 का अधिक से अधिक प्रचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा विनाश की जड़ है। स्कूली बच्चों एवं युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। विद्यार्थियों के माध्यम से नो ड्रग्स विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर भी जोर दिया गया।

- दोपहिया वाले हेलमेट, चारपहिया वाहन चालक लगाएं बेल्ट



छात्रावासों में स्वच्छता एवं हाइजीन पर दें ध्यान

कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान में रेडक्रॉस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में स्वच्छता एवं हाइजीन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कहीं भी अवैध या छिपी हुई नशीली फसलों की खेती होने की सूचना मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने सभी अस्पतालों में प्रधानमंत्री राहत योजना सहित सड़क दुर्घटना से संबंधित सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

वृद्धजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में अम्बेडकर चौक गरियाबंद में वरिष्ठजनों के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बी.आर. साहू, पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश गंगा पटेल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी खुशबु जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी खुशबु जैन ने वरिष्ठजनों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से अवगत कराया।

इसके बाद पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश गंगा पटेल ने वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर ठगी को लेकर वरिष्ठजनों को जागरूक किया। उन्होंने मोबाइल, इंटरनेट एवं ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली ठगी से सावधान रहने की अपील की। किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होने पर बिना देर किए 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

शिविर के अंतिम वक्ता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बी.आर. साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वरिष्ठजनों को उनके हक और अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि परिवार में बुजुर्गों के साथ अवमानना, तिरस्कार, भरण-पोषण में कोताही अथवा अपने कर्तव्यों से विमुख होने की स्थिति में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के तहत आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।

खबर संक्षेप

कन्या आश्रम शाला शोभा में चला स्वच्छता अभियान



मैनपुर। सीआरपीएफ कैम्प शोभा के ई 211 वीं वाहिनी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कन्या आश्रम शाला शोभा में साफ सफाई एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ के डीआईजी स्वयं उपस्थित रहे। उनके साथ वाहिनी के अधिकारी,जवान,क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,आश्रम शाला के शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं छात्राएं बढ़ चढ़कर शामिल हुए। डीआईजी सीआरपीएफ ने आश्रम परिसर की साफ सफाई की और छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। महात्मा गांधी जी का सपना था स्वच्छ भारत जिसे सीआरपीएफ जवान सीमाओं पर ही नहीं,समाज में भी पूरा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत शोभा के सरपंच घनश्याम मरकाम ने अपने संबोधन में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने अपील की। अंत में सभी छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,आश्रम अधीक्षिका, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

नवापारा में बाढ़...

छिड़काव तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों की तैनाती की मांग की है।

प्रभावित क्षेत्र में घर- घर हो सर्वे- बाढ़ से प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से घर-घर सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आकलन कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सिर्फ पानी उतर जाना राहत नहीं है। जिन परिवारों का घर, सामान, वाहन, राशन और खेती प्रभावित हुई है, उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा मिलना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवापारा अंचल में करीब 40 साल बाद इस स्तर की बाढ़ आई है। खेतों में पानी भरने से फसलों को भी नुकसान हुआ है। प्रभावित लोगों का कहना है कि अगर गलती हुई है तो उसकी जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए और नुकसान झेलने वाले परिवारों को राहत मिलनी चाहिए।

शिक्षा के साथ...

विद्यालय के बच्चों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।नन्हें कलाकारों ने रंगों के माध्यम से स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सेवा भाव जैसे विषयों को कैनवास पर बेहद खूबसूरती से उकेरा।बच्चों की कल्पनाशीलता और कला ने सभी का मन मोह लिया। भाषण प्रतियोगिता में वक्ता के रूप में उतरे छात्र-छात्राओं ने सामाजिक सरोकारों,राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और सेवा के महत्व जैसे विषयों पर ओजस्वी और प्रभावशाली विचार रखे। बच्चों का आत्मविश्वास और संवाद शैली अत्यंत मनमोहक थी।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया।अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों की पीठ थपथपाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूरन लाल राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से कुरुक्षेत्र हरियाणा में सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शिक्षा सागर फाउंडेशन कुरुक्षेत्र(हरियाणा) के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान 2026 में देश के 26 राज्यों से लगभग 200 शिक्षक एवं शिक्षाविद शामिल हुए।इन दो दिवसीय आयोजन में शिक्षा के समसामयिक मुद्दों, नवाचारों, शोध और सफल शैक्षणिक प्रयोग पर गंभीर चर्चा हुई। व्याख्याता पूरन लाल साहू राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से कुरुक्षेत्र (हरियाणा)में सम्मानित हुए।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रें में किए जा रहे प्रभावी शैक्षिक प्रयोगो को साझा मंच उपलब्ध कराना तथा शिक्षकों के बीच अनुभव और विचारों का व्यापक आदान–प्रदान करना रहा है।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर अजय रंगा वाइस चांसलर अलफलाह विश्वविद्यालय फरीदाबाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर ब्रह्मजीत सिंह निदेशक प्रभारी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.लिली दीवान डीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र,समरवीर सिंह ओ एस डी अध्यक्ष हरियाणा विश्वविद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी,डॉ.सुरेश राणा निशा राणा तथा कार्यक्रम संयोजका सुशीला जांगड़ा उपस्थित थे।

पूरनलाल साहू छत्तीसगढ़ राज्य से गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में पदस्थ व्याख्याता है।इसी प्रकार बहुत सारे शिक्षको का भी सम्मान किया गया जिसमे व्याख्याता ईश्वर दास गिलहरे हाई स्कूल सेमरा (छुरा),व्याख्याता संदीप सेन हायर सेकेंडरी स्कूल आतुर गांव (कांकेर) व्याख्याता फणीश्वर साहू साल्हेभाट,शिक्षक भारती तिवारी माड़ीतराई (राजनांदगाव)को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक 2026 के रूप में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक गुजरात के शैलेश प्रजापति,गायत्री मिश्रा छत्तीसगढ़,नंदी बहुगुणा उत्तराखंड,महेश त्रिवेदी मध्य प्रदेश,प्रेम सखी बिहार,संजीव कुमार उत्तर प्रदेश,सुरेंद्र सिंह हिमाचल प्रदेश,गुरमेल संघल पंजाब,कावेरी चंदा, पश्चिम बंगाल निशा केरला प्रदेश संयोजक उपस्थित रहे। यह सम्मान मिलने पर जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला,सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर, जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र बहल, अनिल धुरव, प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, शीला भगत, युवराज साहू, याचना जोशी, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक भुवन यदु,व्याख्याता एस एस कंवर मित्रगणों बधाई दी है।

पैरी युवा मंच जिड़ार रोड द्वारा नाचबो नचाबो सीजन -4 का आयोजन

देर रात तक थिरके कदम, प्रदेशभर से पहुंचे कलाकारों ने हजारों दर्शकों को बांधे रखा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर नगर मे पैरी युवा मंच जिड़ार रोड़ द्वारा नाचबो नचाबो सीजन –4 का आयोजन बुधवार रात को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, सरपंच हनिता नायक, मैनपुरकला सरपंच गज्जु नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, उपसरपंच सुधीर ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, युवा नेता हुलार ठाकुर, व्यवसायी महेन्द्र सोनी, राजु सोनी, पूर्व सरपंच ईश्वर नागेश, महेन्द्र नेताम, नितिन सचदेव ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रात 8 बजे प्रारंभ हुए यह कार्यक्रम देर रात तक चला और इस कार्यक्रम मे प्रदेशभर के नामचीन कलाकारों ने भाग लिया। एकल एवं सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया।

नगर में बीती रात आयोजित भव्य डांस प्रतियोगिता और सांस्कृतिक संध्या में उत्साह



और उमंग का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत होते ही पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भर गया और देर रात तक हजारों की संख्या में लोग संगीत की धुनों पर झूमते रहे। आयोजन में मुख्य आकर्षण डांस प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम को और भी खास बनाया यहां की डीजे व्यवस्थाओं और लाइट–साउंड के तालमेल को देखकर उपस्थित लोगों ने इसे क्षेत्र का अब तक का सबसे बेहतरीन आयोजन करार दिया। आयोजक संस्था के अमन बाम्बोड़े ने बताया पैरी युवा मंच जिड़ार रोड़ द्वारा साल मे एक बार भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रथम पुरस्कार बागबाहरा, द्वितीय पुरस्कार रतनपुर बिलासपुर, तृतीय पुरस्कार पिथौरा के कलाकारों ने प्राप्त किया।

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद- हजारों की भीड़ को देखते हुए मैनपुर थाना प्रभारी डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कार्यक्रम स्थल से लेकर आसपास के रास्तों तक पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। जिसके चलते आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिकारियों की सतर्कता से आम जनता ने बिना किसी असुविधा के देर रात तक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

इनकी रही उपस्थिति- कार्यक्रम में आयोजन समिति के युगदास वैष्णव, सागर वैष्णव, जगदीश नागेश, ओमप्रकाश नागेश, खिलेन्द्र साहू, डोलेश पाड़े, नंदलाल नागेश, देवानंद नागेश, यशवंत हिन्दु, अमन बाम्बोड़े, सुनील बाम्बोड़े, प्रांजल ठाकुर, राहुल यादव, प्रदीप नायक, शिव बाम्बोड़े, नितेश चक्रधारी, डोलेश चक्रधारी, प्रदीप चक्रधारी, लोकेश नागेश, सिद्धार्थ बाम्बोड़े, योगांश, देवराज साहू, गुलशन साहू, गोपी सोनवानी, योगेश बाम्बोड़े, मनबोध कश्यप, प्रियांशु साहू, पुरब बघेल, पंकज विश्वकर्मा, हर्श गुप्ता, ऋशभ कहर, त्रिलोक ध्रुव, सत्यजीत कुटारे एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

सौदा करने के बाद दूसरे को बेच दी जमीन, एफआईआर

महासमुंद। सौदा कर रकम लेने के बाद जमीन की बिक्री दूसरे व्यक्ति को करने के मामले में सरायपाली थाने में एक महिला के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि गिरसा के कातिकराम पटेल द्वारा आवेदन देकर शिकायत की गई है कि ग्राम बहिरपाली की रूखमणी चौधरी के द्वारा अपने हिस्से की ग्राम केंदुवा में स्थित अपनी जमीन प.ह.नं. 06 खसरा नंबर 124 रकबा 0.2000 हेक्टेयर को 36,11,000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से बिक्री हेतु उसकेसाथ गवाह तेज कुमार पटेल ग्राम केंदुवा, सावित्री चौधरी ग्राम बरिहापाली के समक्ष सौदा किया था। जिसके बाद विभिन्न तारीखों को उसने कुल 5,00,000 रुपए दिए थे। इसके हाज उक्त जमीन को रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्री करने कहने पर या पैसा वापस करने की बात कहने पर महिला रजिस्ट्री करने में टालमटोल करने लगी।

क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं, अवसर मिलने पर मोह लेतीं हैं: मोहना नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर मे किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड से सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला एवं अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर गुरुवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर देवनाथ बघेल द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 मेधावी विद्यार्थियों का जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मैनपुर अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, विशेष अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, भाजपा महिला प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम, भाजपा नेता तानसिंह मांझी, नंदकिशोर चौबे, महेन्द्र सोनी, दिनेश शर्मा, खुदेश्वर यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल, विकासखण्ड स्त्रेत समन्वयक शिवकुमार नागे एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेताम ने कहा जिस उत्साह और लगन के साथ आप सभी ने चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह यह साबित करता है कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, अवसर मिलने पर सबको प्रभावित कर मन मोह लेतीं हैं। आपकी कलाकृतियों में जहाँ एक ओर बेहतर समाज की सुंदर सोच झलक रही थी, वहीं भाषण प्रतियोगिता में आपके विचारों ने हम सभी को गहराई से प्रभावित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित योगेश शर्मा ने कहा हमारे क्षेत्र के प्रतिभाओ को अवसर की जरूरत है प्रतिभा की कोई कमी नही है।

- ब्लॉक स्तरीय सेवा संकल्प के तहत शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

12 चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय कार्यक्रम मे होंगे शामिल

इनकी रही उपस्थिति- इस मौके पर शिक्षक यशवंत बघेल, आशिफ खान, प्रदीप सिन्हा, कांती सिन्हा, शेख ईमामुद्दीन, दुर्गाचरण कोमर्रा, दिलीप साहू, मेनका कांशी, भूमिका साहू, प्रकाश देवांगन, गोविंद पटेल, द्रोणकुमार साहू, फागे"वर पटेल, पदुसिंह नायक, पारे"वर पटेल एवं बड़ी संख्या मे शिक्षक एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन यशवंत बघेल एवं आभार प्रदर्शन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने किया।

कमांडेंट डॉ. टंडन के नेतृत्व में 70 जवानों ने विभिन्न स्थलों पर चलाया जनसेवा अभियान

सीआरपी 211वीं बटालियन ने स्वच्छता और पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सीआरपी 211वीं बटालियन के कमांडेंट डॉ.विनोद टंडन के नेतृत्व में लगभग 70 जवानों द्वारा नगर पंचायत फिंगेश्वर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुंचाना रहा।

अभियान के अंतर्गत जय मां जय ताई सेवा आश्रम,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर,ठाकुर दलगंजन हायर सेकेंडरी स्कूल तथा रानी श्याम कुमारी चौक सहित विभिन्न परिसरों में स्वच्छता कार्य एवं पौधरोपण किया गया। जवानों ने श्रमदान करते हुए परिसर की साफ–सफाई की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से



सम्मानित शिक्षक खोमन गुरुजी ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं,बल्कि उसकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी हमारा सामाजिक दायित्व है।उन्होंने सीआरपी जवानों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के इस जनसेवा अभियान की सराहना की।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कमलेश बघेल,ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.स्नेहलता हूमने,डॉ.कुर्रे,डॉ.विपिन लहरे,डॉ.मनोज खटकर एवं शिक्षक तेजा मांडले सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कमांडेंट डॉ.विनोद टंडन के नेतृत्व में सीआरपी जवानों की यह पहल सेवा,स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के त्रिवेणी संदेश को साकार करती नजर आई। वहीं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन गुरुजी की सहभागिता ने अभियान को सामाजिक एवं शैक्षणिक चेतना से जोड़ते हुए एक प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। स्वच्छ परिसर, हरा–भरा फिंगेश्वर यही जन सेवा और पर्यावरण संरक्षण का सच्चा संदेश है।

खबर संक्षेप



बिनौरी में सेवा संकल्प अभियान में आंगन उत्सव

छुईहा बेलर। ग्राम बिनौरी में महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गेदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मितानिन द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। कार्यक्रम में सरपंच छबि ध्रुव, उपसरपंच तेज राम, हेमंत कुमार, शीतल कुमार साहू महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा फिंगेश्वर मंडल, गीता बाई मंत्री महिला मोर्चा फिंगेश्वर तथा टिकम प्यारे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम की माताओं-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला-शिशु देखभाल से जुड़े विषयों पर जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर हेम पुष्पा साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सहयोग रहा।

ललित को डी लिट डॉक्टरेट की उपाधि की गई अवार्ड

राजिम। प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर समाज में जागरूकता, साहित्य, कला,शिक्षा उन्नयन, नारी शक्ति संरक्षण, संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता के साथ सामाजिक समरसता के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान के लिए जिले के राजिम निवासी ललित मिश्रा को डी. लिट. डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित किया गया। देश



में डॉक्टरेट की यह सर्वोच्च उपाधि डॉ. एस. राधाकृष्णन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर बेंगलुरु के प्रस्ताव पर ग्लोबल इन एनवायरमेंट यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका द्वारा प्रदान किया गया। श्री मिश्रा महान स्वतंत्रता सेनानी, पं. सुंदरलाल शर्मा परिवार से हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपनी धर्मपत्नी पूर्व प्राचार्य शा. राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम तथा शा. फणिकेश्वरनाथ महाविद्यालय डॉ. सविता मिश्रा को बताया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर सबसे पहले 1992 में ललित मिश्रा ने ही बनाया था। राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान यह तस्वीर व्यापक रूप से प्रचलित हुई। तब श्री मिश्रा आंदोलन में प्रमुख नेतृत्वकर्ता के रूप में थे। यह तस्वीर आंदोलन में एकजुटता और पहचान के प्रतीक के रूप में अपनाया गया। पं. रविशंकरशुक्ल वि. वि. छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री मिश्रा सफल साहित्यकार, कवि, चित्रकार, रंगकर्मी के साथ किसान महासंघ, बेटी बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष व राजिम में पं. सुंदरलाल शर्मा वाचनालय एवं स्मारक समिति तथा राजीव लोचन फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं।

निर्वाचन पर्यवेक्षक ध्रुव को दी गई भावभीनी विदाई



राजिम। निर्वाचन शाखा में निर्वाचन पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत रहे संतोष ध्रुव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई एवं सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जनक साहू ने भगवान श्री राजीव लोचन की छायाचित्र भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी। जनक साहू ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान संतोष ध्रुव ने अपने दायित्वों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया। उनकी सेवाओं और अनुभव को सदैव याद किया जाएगा। सेवानिवृत्ति के अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

आयोजन : स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प पखवाड़ा

जिला पंचायत परिसर में गूंजा स्वच्छता का संदेश 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम पर श्रमदान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प पखवाड़े के अंतर्गत आज जिला पंचायत परिसर में 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर स्वच्छता श्रमदान किया। परिसर के विभिन्न हिस्सों की साफ-सफाई करते हुए कचरे का उचित संकलन एवं निस्तारण किया गया। इस दौरान सभी ने स्वच्छ एवं सुंदर परिसर बनाए रखने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान करते हैं, तो इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और अन्य लोग भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित होते हैं। उन्होंने सभी से अपने घर, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

सभी ने ली स्वच्छता की शपथ

श्रमदान के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली। शपथ के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने, दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सेवा संकल्प पखवाड़े से जोड़ते हुए स्वच्छता को जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया। 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता के लिए थोड़ा समय दे, तो सामूहिक प्रयासों से व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी ने जिले में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

लोहरसी में गूंजा राम नाम राम सत्ता भजन कार्यक्रम से भक्तिमय हुआ माहौल





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम लोहरसी में संध्या बेला गुरुवार से श्रद्धालुओं द्वारा राम सत्ता भजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर भगवान श्रीराम के नाम का गुणगान किया। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और 'राम नाम' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भजन-कीर्तन के माध्यम से लोगों ने राम नाम के महत्व और सनातन संस्कृति का संदेश दिया। देर तक चले भजन कार्यक्रम में ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना को मजबूत करते हैं। राम नाम का स्मरण मनुष्य को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है और जीवन में सत्य, धर्म एवं संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

ये रहे उपस्थित- इस दौरान सरपंच लोमस साहू पूर्व पूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू, सरपंच घनश्याम पटेल, उपसरपंच निलेश टंडन, पंच जागेश्वर साहू,पंच प्रेमाननंद साहू, पंच झमेश ढीढी,पूरन साहू, मिलाप साहू, बलि ध्रुव, छन्नू साहू, संतोष साहू, प्रेमु यादव, भानू ध्रुव, योगेश देवदास, जगत पटेल, बिसन साहू, एतवारी राम, नारायण शर्मा, और उरेन्द्र साहू मौजूद रहे।

फर्शी उत्पादक संघ बासीन बरभाठा ने पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



फर्शी उत्पादक संघ बासीन बरभाठा द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला वृक्षारोपण महोत्सव इस वर्ष भी बड़े तैयारी के साथ प्रदेश पर्यावरण कमेटी के अधिकारियों की उपस्थिति में संघ के पदाधिकारियों व सदस्यो के द्वारा वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कर मनाया गया।

ज्ञात हो की पिछले 17–18 वर्षो से बासीन–बरभाटा क्षेत्र में पौधारोपन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी लगभग 400 – 450 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें करन, नीम, पीपल, आम व अन्य छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। फर्शी संघ द्वारा नियमित रूप से इन सभी पौधों में पानी एवं खाद की समुचित व्यवस्था की जाती है एवं पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन जिम्मेदारी पूर्वक निभाया जाता है जिसके चलते पूर्व मे रोपित सभी पौधे आज बड़े बड़े वृक्ष का रूप धारण कर लिए हैं। पौधारोपन कार्यक्रम मे आये अधिकारी गण द्वारा पूर्व में लगाए गए वृक्षों को एवं वर्तमान वृक्षारोपण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संघ की खूब सराहना की।

इस कार्यक्रम मे पर्यावरण कमेटी से समीर स्वरुप,विकास जैन व प्रदेश गौण खनिज महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी,चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राजपूत की विशेष उपस्थिति रही साथ हीं बासीन,बरभाटा पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ बासीन फर्शी संघ के अध्यक्ष फगेंद्र यदु, रामबिशाल ओगरे, पवन यदु, ईश्वरी साहू, शरद चतुर्वेदी, गोपचंद बनर्जी, विकास बंगानी, भागीरथी साहू, गोपाल धर्मवंशी, पूर्णनेंद्र साहू, सुरेश साहू, राजेश साहू, नागेंद्र साहू, नवीन गुप्ता व अन्य साथीगण की उपस्थिति मे कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

आंगन मिलन उत्सव में पोषण, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र दर्रापारा में 'आंगन मिलन उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समुदाय की सहभागिता को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही उत्कृष्ट स्वास्थ्य एवं पोषण स्थिति वाले दो बच्चों को स्वस्थ बालक-बालिका पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत गरियाबंद की उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष सोहन ध्रुव , उपाध्यक्ष लेखराम साहू, महिला एवं बाल विकास सभापति बबीता सेन, जनपद पंचायत सदस्य मुकेश सूर्यवंशी एवं गणेशराम ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक बिंदू सिन्हा, डोंगरीगांव की सरपंच नगीता दीवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश, परियोजना अधिकारी ऋषि बंजारे सहित विभागीय कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं तथा नागरिकगण उपस्थित रहे।

हर घर मुनगा एवं न्योता भोज का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के अंतर्गत मुनगा पौधे का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों को मुनगा के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मुनगा पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण बच्चों एवं परिवार के पोषण स्तर को बेहतर बनाने में उपयोगी है। आंगन मिलन उत्सव के अंतर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं समुदाय के सदस्यों द्वारा निर्धारित शपथ ली गई। इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों और समुदाय के बीच सहभागिता एवं सहयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें छोटे बच्चों के साथ अतिथियों एवं जनसमुदाय ने भी सहभागिता की। सामूहिक भोज के माध्यम से बच्चों के साथ आत्मीयता बढ़ाने और समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

अतरमरा आंगनबाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



समीप ग्राम अतरमरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आगन मिलो कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमें बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई किया गया।साथ ही ग्राम के चारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को श्री फल देकर सम्मानित किया गया तथा बच्चों को बिस्कुट मिठाई केला फल आदि वितरित करके न्योता भोज का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत वन सभापति गरियाबंद के द्वारा नरेंद्र मोदी की सरकार एवं विष्णु देव सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर दुलारी साहू जनपद सदस्य द्वारा बच्चों एवं माता के पोषण से संबंधित सभी जानकारी को साझा किया गया। इस अवसर पर गांव की सरपंच केजा बाई सोम, उपसरपंच येश कुमार सिन्हा, वार्ड 9 की पंच प्रीतिलता सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होमेश्वरी निषाद, पूनम यादव, हुलसी सिन्हा, केसर ध्रुव, सहायिका मालती भारती, रेवती सिन्हा, आशो यादव, नोरी अम्मा ध्रुव एवं भाजपा नेत्री हेमलता साहू रामकुमार यादव वा ग्राम की महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति रहे।

परसदा जोशी में बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



परसदा जोशी के आंगनबाड़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम व बच्चों को नेवता भोज कराया गया। इस अवसर पर महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका का सम्मान किया गया। रंगोली कुर्सी कब्बड्डी दौड़ एवं मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष नारायण साहू, तिजेवर सेन, आनन्द साहू, अवतार यादव मौजूद थे।

पोषण माह के तहत बारूला विविध आयोजन

बारूला आंगनबाड़ी में बच्चों ने फैंसी ड्रेस से दिया पोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के साथ सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 28 सितंबर को फिंगेश्वर सेक्टर बेलर के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम बारूला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच शुकदेव साहू सहित पंच, मितानिन, आरएचओ, सेक्टर पर्यवेक्षक पूर्णिमा श्रीवास तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के बच्चों ने फल-सब्जी थीम पर फैंसी ड्रेस प्रस्तुत कर पौष्टिक आहार का संदेश दिया। बच्चों को चित्रों में रंग भरने की गतिविधि भी कराई गई। इसके अलावा न्योता भोज, पोषण व्यंजन प्रदर्शनी तथा स्वस्थ शिशु सम्मान का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन का प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

सरपंच शुकदेव साहू ने ग्रामीणों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया। सेक्टर पर्यवेक्षक पूर्णिमा श्रीवास एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण माह और सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए समुदाय की सहभागिता का आह्वान किया।

कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि स्पर्धाएं हुईं- कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कबड्डी, कुर्सी दौड़, आंखों पर पट्टी बांधकर सरस्वती माता के चित्र पर तिलक लगाने तथा पीठ पर पानी का गिलास रखकर चलने जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान ग्रामीणों को बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं माताओं के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।



खबर संक्षेप

अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष की किस्मत का फैसला होगा आज



रसेला। यादव ठेठवार समाज महासभा प्रांतीय मुख्यालय राजिम के अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा। मतगणना से तीनों पदों के प्रत्याशियों का किस्मत का फैसला आज होना है।कोषाध्यक्ष पद के लिए 6 उम्मीदवारों होने के चलते मुकाबला बड़ी दिलचस्प और सस्पेंस बरकरार है। आज मतदान के बाद, मतपेटियों में बंद इन सभी उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज शुक्रवार शुरू होने वाले मतगणना में होगी। पीठासीन अधिकारी द्वारा समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि पारदर्शीता पूर्ण, निष्पक्ष, लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में शत प्रतिशत भाग लेने और निर्धारित तिथि व समय पहुंचकर अपने मताधिकार के प्रति जागरूकता का परिचय देने का आव्हान किया है।

स्वास्थ्य विभाग के दो वरिष्ठ कर्मचारियों को दी गई विदाई



गरियाबंद। अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए स्वास्थ्य विभाग के दो वरिष्ठ कर्मचारियों एनएमए दौवा राम चक्रधारी और सेक्टर पर्यवेक्षक लेखराम वर्मा को समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों कर्मचारियों को पेंशन आदेश, शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने दौवा राम चक्रधारी के 37 वर्षों से अधिक के सेवाकाल में कुष्ठ रोग उन्मूलन एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि चक्रधारी का समर्पण, अनुभव और सेवाभाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में दोनों कर्मचारियों के विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति संबंधी पत्रों की प्रतियां भी सौंपी गईं।

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा की बैठक होगी 5 को

मुड़ागांव (कोरासी)। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा छुरा की मासिक बैठक 5 अक्टूबर, सोमवार को पेंशनर भवन, छुरा में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ पेंशनरों की समस्याओं, सुझावों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। तहसील शाखा छुरा के अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा ने सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

तोरला व नवागांव में आंगन मिलन कार्यक्रम



अभनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन एवं जनसेवा के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम तोरला एवं नवागांव (क) में आंगन मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों और महिलाओं तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़ी योजनाओं, पोषण तथा विभागीय सेवाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई।

विडंबना : बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़, अफसरों की उदासीनता पर फूटा गुस्सा

मैनपुर वनांचल में शिक्षा व्यवस्था बेहाल स्कूलों में ताले, पेड़ के नीचे हो रही पढ़ाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खास खबर

झोपड़ियों और पेड़ों के नीचे पढ़ाई, नदी-नाले पार करने को मजबूरी



मैनपुर क्षेत्र के लेडीबहार, मटाल, ताराझर, कुरवापानी और मोतीपानी जैसे दर्जनों गांवों में आज तक पक्के स्कूल भवन नहीं बन पाए हैं। इन दुर्गम क्षेत्रों के मासूम बच्चे या तो पेड़ों के नीचे या फिर जर्जर झोपड़ियों में बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं। यहां न तो चारदीवारी है और न ही शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं। इसके अलावा पयलीखण्ड, खाममाठा, सिंहार, गोबरा और देवझरअमली के बच्चों को जान जोखिम में डालकर बारिश के दिनों में उफनते नदी-नालों और घने जंगलों को पार कर दूर स्कूलों तक पहुंचना पड़ रहा है।

एक तरफ सरकारें बेहतर शिक्षा और डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं, वहीं गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के दूरस्थ वनांचलों में शिक्षा व्यवस्था बेहद बदहाल है। हालात यह हैं कि आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भवन तक नसीब नहीं हो रहे हैं, तो कई जगहों पर शिक्षक स्कूल के समय गायब रहते हैं। आलम यह है कि राजापड़ाव, गौरगांव और उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे गांवों के कई स्कूलों में दोपहर होते ही ताले लटक जाते हैं।

शिक्षकों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी- ग्रामीणों का आरोप है कि जिन शिक्षकों की पदस्थापना मैनपुर से 15-20 किलोमीटर दूर वनांचल के स्कूलों में है, वे अक्सर विकासखंड शिक्षा कार्यालय के आसपास चक्कर काटते देखे जाते हैं। कई बार इनकी लिखित शिकायतें भी की गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत और अनदेखी के कारण आज तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी सुदूर वनांचलों की कठिन भौगोलिक स्थिति का बहाना बनाकर इन इलाकों का निरीक्षण करने से पूरी तरह कतराते हैं। मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और औचक निरीक्षण न होने के कारण व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है।

जनप्रतिनिधियों ने दी कड़ी चेतावनी- इस गंभीर मुद्दे पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव और कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंग सोरी ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की यह उदासीनता सीधे तौर पर आदिवासी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मैनपुर के दूरस्थ स्कूलों की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित नहीं की गई और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

खोरपा में स्वच्छता अभियान, विधायक ने दिलाया सेवा संकल्प

अभनपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वच्छता अभियान का आयोजन ग्राम खोरपा में किया गया। कार्यक्रम विधायक इंद्र कुमार साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अभियान के तहत बस स्टैंड के हटरी बाजार एवं प्रधानमंत्री आत्मानंद स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई।

इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को देशभर में सेवा संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण, आवासहीन परिवारों को आवास, किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं को गैस कनेक्शन, जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने, राम मंदिर निर्माण तथा स्वच्छता को जनजीवन से जोड़ने जैसे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से शासन की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सरपंच मीना चम्मन ध्रुव, सीईओ दीपक ठाकुर, मुकेश ढीढ़ी, विनोद चन्द्राकर, राजा दीवान, राघवेन्द्र साहू, छबीराम साहू, ईश्वर साहू, पंचगण सहित स्वच्छता दीदी, महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

टेंगनाबासा में बच्चों ने स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



आंगनबाड़ी केंद्र टेंगनाबासा-1 एवं 2 में 'संकल्प सेवा, आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती राजकुमारी ध्रुव सहित पंच मोहेन्द्र सिन्हा, श्रीमती कुंती सिन्हा, बिहान समूह सदस्य श्रीमती टिकेश्वरी सिन्हा एवं प्राथमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती इन्दुमती राजपूत की गरिमामय उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं एवं बच्चों के जीवन के महत्वपूर्ण प्रथम 1000 दिवस से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बालगीत प्रतियोगिता, आकर्षक थाली प्रतियोगिता एवं स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता प्रमुख रहे।

- संकल्प सेवा, आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही आंगन मिलन उत्सव के अवसर पर सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं उपस्थित लोगों के लिए बाल भोज एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के प्रति अभिभावकों और ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

आंबा केंद्र सेंदर में अंगना में मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवा संकल्प के तहत महत्वपूर्ण योजना अंगना में मिलन के तहत गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र सेंदर 1 से 3 संयुक्त में मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक अनुपा लाल ने बताया कि विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत परियोजना कार्यालय फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्रामीण के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य विषय सामुदायिक सहभागिता एवं पोषण है। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिलाओं एवं बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक अनुपा लाल , ग्राम पंचायत के उपसरपंच तुलसी राम वर्मा, जनपद सदस्य रुखमणी सिन्हा, खेमराज सिन्हा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा ध्रुव,महेशिया ध्रुव, सहायिका हेमिन दीदी, होमिन ध्रुव, मितानिन काली साहू, पार्वती साहू , चंदा वर्मा, जयंती, शोभन, सावित्री, ईश्वरी, ज्योति, शकुन, रविना, गुंजा, कामिनी, डोमेश्वरी, कुसुम, नेसर, सुषमा, दूमन डोमेश्वरी, अनिता, लता, कांति, ईश्वरी ध्रुव, सूरज, अंकिता, केशरी, अरुण, सरस्वती, अनुसुईया, भारती, चांदनी, रमशीला सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

संत सुरभि पहुंचे गोपाल गौशाला, कहा- 'गाय साक्षात कामधेनु माता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



गौ सम्मान आह्वान अभियान

वृन्दावन से गौ भक्त संत सुरभिदास 100 वर्ष पुरानी श्री गोपाल गौशाला पहुंचे। उनके साथ रायपुर संभाग प्रभारी जीवन साहू जिला प्रभारी श्री गुप्ता थे। यहां गौ सम्मान आह्वान अभियान के नवापारा तहसील प्रभारी रूपेंद्र चन्द्राकर, सरंक्षक गोपाल यादव,अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल,राजू काबरा, सुरेश काबरा, संतोष माखीजा, दिनेश महाराज, रविशंकर साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भागवत साहू ने पुष्पमाला, शॉल,श्रीफल से स्वागत अभिनंदन किया। सर्वप्रथम उन्होंने हनुमान जी महाराज एवं गौ माता का पूजा किया। इस अवसर पर संत सुरभि ने अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गाय रहेगी तो हम रहेंगे, जिस तरह यूरिया,पोटाश,कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग फसलों पर किया जा रहा है, उससे कुछ ही वर्षो में जमीन बंजर हो जाएगी। आज उसी कारण केंसर ,शुगर ,बीपी जैसी बीमारी घर घर फैल गई है, कहा कि कोरोना के समय जो गाय की सेवा में लगे रहे उन्हें कोरोना नही हुआ। अभी ईरान अमेरिका युद्ध में पेट्रोलियम ,एवं गैस की भारी किल्लत हो गई है यदि हम गोबर से गैस प्लांट लगा लेंगे तो गैस की जरूरत होगी और ना देश पर भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गाय, गाय साक्षात कामधेनु माता है जिससे हमें मूत्र,पंचगव्य,दूध,दही, प्राप्त होता है। यह प्रमाणित है कि गर्भवती माता को प्रसव के समय डॉक्टर ऑपरेशन बोल दे तो उस माँ को गोबर का रस पिला दिया जाए तो बिना आपरेशन बच्चे का जन्म हो सकता है। उन्होंने गांव गांव जाकर लोगो को इस अभियान से जुड़ने प्रेरित करने कहा।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री कौ सौंपेंगे ज्ञापन- संत सुरभि ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का पहला चरण तहसील,दूसरा चरण जिला और 17 दिसंबर को तीसरे चरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौपेंगे। संत जी ने कहा कि भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है कि सभी इस हस्ताक्षर अभियान से जुड़कर, गौमाता के लिए तन मन से लग जाएं।

परसराम भारद्वाज की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

गुरुवार को विधायक कार्यालय संगवारी में पूर्व सांसद पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी स्व. परस राम भारद्वाज की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव, पार्षद दीपाली राजपूत, फागू देवांगन, तरुण कंसारी, पूर्व पार्षद अनूप खरे, सौरभ सोनी, संगीता कंसारी, अनुभव जैन, रेखा साहू, निर्मला निर्मलकर सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

फिंगेश्वर में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी

गायत्री महायज्ञ के लिए सेंदर में संगोष्ठी ग्रामवासियों ने लिया सहयोग का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

इनकी रही उपस्थिति



प्रचार-प्रसार टोली ने जनसंपर्क अभियान के तहत सेंदर के अलावा कोसमखूंटा, चैतरा, जामगांव और भेड़री में भी संगोष्ठियाँ आयोजित कीं। इन बैठकों में समिति के पदाधिकारियों सहित सेंदर से पूर्व सरपंच रामाधार साहू, योगेश देवांगन, जामगांव सरपंच रेणुका डहरे, कोसमखूंटा से जाकिर खान, प्यारेलाल विश्वकर्मा और भेड़री सरपंच सविता चुम्मन सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में फिंगेश्वर में 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 'राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ' की तैयारियों को लेकर बुधवार को ग्राम सेंदर में गायत्री परिवार एवं ग्रामीणों की संयुक्त संगोष्ठी संपन्न हुई। बैठक में महायज्ञ के व्यापक प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क और ग्रामीणों की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की गई।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू ने बताया कि यह महायज्ञ विचार क्रांति अभियान के तहत शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की धर्मपत्नी वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी, अखंड दीपक की शताब्दी तथा 24-24 महापुरश्चरणों की शताब्दी के पावन अवसर पर आयोजित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया। गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर के संचालक एच.एल. साहू ने माता भगवती देवी के जीवन को त्याग, साधना और मातृशक्ति की प्रेरणादायी मिसाल बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। सचिव अशोक साहू व जगदीश साहू ने यज्ञ की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संस्कार और सामाजिक चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम है।

